नागरिक घोषणा-पत्र

एसजेवीएन लिमिटेड

(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)

शक्ति सदन, एसजेवीएन कारपोरेट कार्यालय परिसर

शनान, शिमला (हिमाचल प्रदेश)

पिन-171006

नागरिक घोषणा-पत्र

1. सामान्य सूचना

1.1 एसजेवीएन की रूपरेखा

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत एक मिनी रत्न, श्रेणी-1 एवं अनुसूची-'ए' वाले सीपीएसई के रूप में एसजेवीएन लिमिटेड भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का एक संयुक्त उपक्रम है। वर्ष 1988 में अपनी स्थापना के बाद कंपनी एक बड़ी बिजली उत्पादक के साथ उभरी है, जिसकी मौजूदगी देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा पड़ोसी देशों में भी है। कंपनी की मौजूदा अभिदत्त पूंजी और अधिकृत शेयर पूंजी क्रमशः 4136.63 करोड़ रुपए और 7000 करोड़ रुपए है। वर्तमान नेटवर्थ 11483.83 करोड़ रुपए है। एसजेवीएन एक सूचीबद्ध कंपनी है जिसके शेयरधारिता पैटर्न में भारत सरकार की 64.46%,हिमाचल प्रदेश सरकार की 25.51% तथा जनता के पास 10.03% इक्विटी है।

आज एसजेवीएन के पास चार प्रचालनाधीन पावर स्टेशन हैं जिनमें देश का सबसे बड़ा 1500 मेगावाट नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन (एनजेएचपीएस), 412 मेगावाट रामपुर जलविद्युत स्टेशन एवं 47.6 मेगावाट खिरवीरे पवन विद्युत परियोजना एवं 5 मेगावाट चरंका सौर विद्युत परियोजना शामिल हैं जो साल दर साल बिजली उत्पादन के नए कीर्तिमान बना रहे हैं।

एसजेवीएन ने अपने फलक का विस्तार किया है और पारंपरिक एवं अपारंपरिक ऊर्जा के विभिन्न रूपों में अपनी मौजूदगी रखने के साथ एक पूर्णतः विविधीकृत अंतर्राष्ट्रीय विद्युत क्षेत्र कंपनी के रूप में विकसित होने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना बनाई है जिसमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, अरुणाचल प्रदेश तथा पड़ोसी देशों नेपाल एवं भूटान में जलविद्युत परियोजनाएं, बिहार में ताप विद्युत परियोजना, नेपाल में विद्युत पारेषण परियोजना, महाराष्ट्र एवं गुजरात में पवन विद्युत परियोजनाएं और गुजरात एवं राजस्थान में सौर विद्युत परियोजनाएं शामिल हैं।

कंपनी ने समुदाय के कल्याण एवं विकासार्थ अपने सामाजिक दायित्वों को हमेशा समझा है और यह समझ ढांचागत विकास, स्वास्थ्य शिविरों, युवाओं के लिए दक्षता विकास प्रशिक्षण, आर्थिक रूप से निर्बल छात्रों को वित्तीय मदद जैसे उपायों में साफ झलकती है जो कंपनी ने अपनी स्थापना के समय से ही शुरू किए हैं। सततशील विकास की खातिर प्रतिबद्धता और संवेदना के लिए एसजेवीएन प्रतिपूरक वनीकरण, कचरा निपटान, मात्स्यिकी सततशीलता, हरितावरण विकास इत्यादि के लिए कदम उठाने में हमेशा क्रियाशील रहा है।

अपने उक्त कार्यों के लिए एसजेवीएन लगातार कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करता रहा है, जिनमें वर्ष 2008 में निष्पादन के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणवत्ता अवार्ड, सामाजिक विकास एवं प्रभाव के लिए विश्वकर्मा एचीवमेंट अवार्ड (2013), सीईए से एनजेएचपीएस के लिए ब्रांज शील्ड (2011-12) एवं सिल्वर शील्ड (2012-13) अभिनव एचआर कार्य व्यवहारों के लिए एशिया पैसीफिक एचआरएम कांग्रेस अवार्ड (2014), हैल्पेज इंडिया से गोल्ड प्लेट सीएसआर अवार्ड (2012), आरएचपीएस के लिए गोल्ड एवं सिल्वर शील्डें (2013-14) I वित्तीय वर्ष 2015-16 में एसजेवीएन को हेल्पेज इंडिया द्वारा लीजेंड पीएसयू शाईनिंग अवार्ड, सिल्वर प्लेट अवार्ड तथा आर्थिक अध्ययन संस्थान द्वारा गोल्ड मेडल, 9वां इनर्शिया अवार्ड 2015 इत्यादि दिए गए हैं।

एसजेवीएन नवीनतम तकनीक, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और गुणवत्ता प्रबंधन में सतत सुधार के जरिए यकीनी एवं पर्यावरणीय रूप से अनुकूल विद्युत उत्पादन के प्रति समर्पित है। टेक्नॉलाजी के प्रति सदैव जागरूक रवैया अपनाकर एसजेवीएन ने बढ़िया कारोबारी, वित्तीय एवं विनियामक कार्य प्रणालियां अपनाई हैं। एसजेवीएन अपने कर्मचारियों को अपनी सर्वाधिक मूल्यवान धरोहर मानता है और अपने मानव संसाधनों के लिए विकासोन्मुखी विकास रणनीति तैयार की है।

1.2 दूर-दृष्टि

भारतीय विद्युत क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ कंपनी बनने की ओर निरंतर प्रयत्नशील तथा स्वच्छ एवं किफायती विद्युत उत्पादन करने और सभी स्टेकहोल्डर्स का सतत मूल्यवर्धन करने वाली कंपनी के रूप में जिसकी छवि की वैश्विक स्तर पर सराहना हो।

1.3 लक्ष्य

- निम्नलिखित के जरिए सामाजिक-आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर होना और शेयरहोल्डरों एवं स्टेकहोल्डरों के हितों का अधिकतम ध्यान रखना।
- परियोजनाओं का निर्माण किफायती लागत एवं सामाजिक-पर्यावरणीय रूप से करना।
- मानव संसाधन प्रतिभा का अनुभूतिपूर्ण पोषण।
- प्रौद्योगीकीय श्रेष्ठता के लिए नवोन्मेषी पद्धतियाँ अपनाना।
- सतत उन्नति एवं विविधीकरण पर बल देना ।

1.4 उद्देश्य

उक्त मिशन के अनुसरण में कंपनी ने अपने लिए निम्नलिखित कारपोरेट उद्देश्य निर्धारित किए हैं:

- अपनी पूर्ण निष्पादन क्षमता से पावर स्टेशनों का परिचालन एवं रख-रखाव।
- स्वस्थ व्यवसाय, वित्तीय तथा विनियामक संबंधी नीतियों का निर्धारण तथा उनका अनुपालन करना।
- अन्य जलविद्युत परियोजनाएं हाथ में लेना।
- एसजेवीएन को आबंटित नई परियोजनाओं को कुशलतापूर्वक एवं मितव्ययी ढंग से पूरा करना।
- अंतर्राष्ट्रीय तौर पर प्रयुक्त हो रही नवीनतम परियोजना प्रबंधन तकनीकें अपनाकर और अतिरिक्त प्रशिक्षण के जरिए अपने इंजीनियरों को प्रमाणीकृत परियोजना प्रबंधक बनने में सक्षम बनाकर परियोजना क्रियान्वयन के लिए सर्वोत्तम परियोजना प्रबंधन नीतियों का प्रयोग करना।
- निगम के भीतर उपलब्ध तकनीकी एवं प्रबंधकीय विशेषज्ञता को अन्य संगठनों/परियोजनाओं तक पहुंचाने के लिए इनका प्रचार-प्रसार करना।
- सहभागिता प्रबंधन की विचारधारा के अनुरूप संगठन एवं कर्मचारियों दोनों के बहुमुखी विकास एवं उत्थान के लिए अनुकूल वातावरण बनाना ।
- समाज के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करना तथा संबंधित संगठनों एवं शेयरधारकों के साथ व्यावसायिक संबंधों को सुदृढ़ बनाते हुए उनका रचनात्मक एवं सकारात्मक सहयोग प्राप्त करने का प्रयास करना ।
- सामाजिक परिस्थितियों एवं पर्यावरण को क्षति से बचाते हुए परियोजना को साफ-सुथरा बनाए रखने का प्रयास करना।
- कंपनी को नवरत्न की श्रेणी में लाने के प्रयास करना।

1.5 परियोजना खाता

1.5.1 एसजेवीएन का पूर्ण स्वामित्व

जलविद्युत परियोजनाएं

- **नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन (1500 मेगावाट) -** नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन (एनजेएचपीएस) (6x250 मेगावाट) रन-ऑफ-दि-रिवर जलविद्युत स्टेशन जो हिमाचल प्रदेश की सतलुज नदी पर है, 2003-04 के दौरान कमीशन किया गया ।

- **रामपुर जलविद्युत स्टेशन (412 मेगावाट)** – रामपुर जलविद्युत स्टेशन (आरएचपीएस) (6x68.67 मेगावाट) हिमाचल प्रदेश में सतलुज नदी पर एनजेएचपीएस का एक टेल रेस निर्माण है जो 2014-15 के दौरान कमीशन किया गया ।

- **लूहरी जलविद्युत परियोजना (चरण-I:210 मेगावाट, चरण-II: 143 मेगावाट) -** लूहरी जलविद्युत परियोजना हिमाचल प्रदेश के शिमला/कुल्लू/मंडी जिलों में सतलुज नदी पर अवस्थित है। एसजेवीएन लूहरी जलविद्युत परियोजना की 210 मेगावाट तथा 143 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाली क्रमशः चरण-I तथा चरण-II का कार्यान्वयन करेगा, जिनमें क्रमशः 758 मिलियन यूनिट और 600 मिलियन यूनिट बिजली के उत्पादन की संभावना है ।

- **सुन्नी बांध परियोजना (355 मेगावाट) –**सालाना 1299 मेगावाट बिजली उत्पादन की संभाव्यता से युक्त सुन्नी बांध परियोजना लूहरी चरण-।। के डाऊनस्ट्रीम में सतलुज नदी पर स्थित है ।

- **धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना (66 मेगावाट)** – धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में ब्यास नदी पर स्थित है। परियोजना की सालाना 247.5 मिलियन यूनिट उत्पादन कर सकने की संभाव्यता है।

- **देवसारी जलविद्युत परियोजना (252 मेगावाट) –** देवसारी जलविद्युत परियोजना उत्तराखण्ड राज्य के चमोली जिले में स्थित है जिससे सालाना 936.9 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा।

- **नैटवाड़ मोरी जलविद्युत परियोजना (60 मेगावाट)-** नैटवाड़ मोरी जलविद्युत परियोजना उत्तराखण्ड राज्य के उत्तरकाशी जिले में टांस नदी (यमुना नदी की सहायक नदी) में स्थित है जिससे सालाना 265.5 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा।

- **जाखोल सांकरी जलविद्युत परियोजना (44 मेगावाट)-** जाखोल सांकरी जलविद्युत परियोजना उत्तराखण्ड राज्य के उत्तरकाशी जिले में सुपिन नदी पर है और रन-ऑफ-दि-रिवर के रूप् में डिजाइन की गई है । इसकी सालाना 166.19 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन की संभाव्यता है।

पवन विद्युत परियोजनाएं

- **खिरवीरे पवन विद्युत परियोजना (47.6 मेगावाट)-** खिरवीरे पवन विद्युत परियोजना महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले में अकोले तालुका के खिरवीरे/कोंभालणे गांवों में स्थित है। प्रत्येक 850 केडब्ल्यू क्षमता की 56 पवन विद्युत जनरेटरों (डब्ल्यूईजी) से युक्त इस परियोजना को वर्ष 2014-15 में कमीशन किया गया था ।

- **सदला पवन विद्युत परियोजना (50 मेगावाट) –** सदला, गुजरात में 50 मेगावाट की यह पवन विद्युत परियोजना दिसंबर,2016 में अवार्ड की गई थी और वर्तमान में निर्माणाधीन है ।

- **सौर ऊर्जा परियोजना**

- **चारंका सौर ऊर्जा परियोजना** – एसजेवीएन ने 5 मेगावाट की सोलर पीवी विद्युत परियोजना के निर्माण के लिए चारंका सोलर पार्क में 25 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया । परियोजना मार्च,2017 में सफलतापूर्वक चालू कर दी गई है।

- **ग्रिड से जुड़ी 500 मेगावाट परियोजना के लिए एसईसीआई के साथ एमओयूः** एसजेवीएन ने सौर विद्युत परियोजनाओं से जुड़ी 500 मेगावाट ग्रिड स्थापित करने के लिए सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं । एसईसीआई सौर पीवी विद्युत परियोजना के विकास को सुगमीकृत करेगी तथा 12% आरओई के न्यूनतम आश्वस्त लाभ पर भूमि, पीपीए एवं परियोजना प्रबंधन परामर्शता की व्यवस्था करेगी ।

- **सौर्य ऊर्जा कंपनी ऑफ राजस्थान लिमिटेड (एसयूसीआरएल) के साथ एमओयूः** सौर्य ऊर्जा कंपनी ऑफ राजस्थान लिमिटेड द्वारा राजस्थान राज्य के जोधपुर और जैसलमेर में विकसित किए जा रहे सौर पार्क में 300 मेगावाट सौर विद्युत उत्पादन क्षमतार्थ भूमि के आबंटनार्थ सौर्य ऊर्जा कंपनी ऑफ राजस्थान लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए है ।

1.5.2 अधीनस्थ कंपनियां

जलविद्युत परियोजनाएं

- **एसजेवीएन अरुण-3 पावर डेवल्पमेंट कंपनी प्रा. लिमिटेड (एसएपीडीसी-900 मेगावाट) –** अरुण-III जलविद्युत परियोजना नेपाल के सांखुवासभा जिले की सप्त कोशी नदी की सहायक नदी अरुण पर स्थित है। एसजेवीएन अरुण-3 पावर डेवल्पमेंट कंपनी प्रा. लिमिटेड (एसएपीडीसी) की स्थापना एकल शेयरधारक कंपनी एसजेवीएन लिमिटेड द्वारा की गई जिसका कारपोरेट कार्यालय बिराटनगर, नेपाल में तथा परियोजना कार्यालय खांडबारी, जिला-सांखुवासभा, नेपाल में स्थित है। परियोजना में सालाना 3924 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन की संभाव्यता है ।

ताप विद्युत परियोजना

- **एसजेवीएन थर्मल प्रा. लिमिटेड (1320 मेगावाट)-** एसजेवीएन ने बिहार के बक्सर जिले के चौसा नामक स्थान में स्थित 1320 मेगावाट की ताप विद्युत परियोजना में प्रवेश किया है । एसजेवीएन ने परियोजना को निष्पादित करने वाली कंपनी अर्थात बक्सर बिजली कं.प्रा. लिमिटेड का अधिग्रहण किया है तथा इसका नाम बदलकर एसजेवीएन थर्मल प्रा.लिमिटेड किया गया जो कि अब एसजेवीएन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और इसकी अभिकल्पित ऊर्जा 9829 मिलियन यूनिट है।

1.5.3 संयुक्त उपक्रम कंपनियां

जलविद्युत परियोजनाएं

- **खोलोंग्चू हाईड्रो एनर्जी लिमिटेड (केएचईएल) –** खोलोंग्चू हाईड्रो एनर्जी लिमिटेड (केएचईएल) की स्थापना भूटान में दिनांक 12 जून,2015 को भूटान के कंपनी अधिनियम 2000 के तहत ड्रूक ग्रीन पावर कारपोरेशन लिमिटेड, भूटान (डीजीपीसी) तथा एसजेवीएन लिमिटेड की प्रत्येक की 50% शेयरधारिता वाली संयुक्त उपक्रम कंपनी के रूप में हुई थी। कंपनी का गठन भूटान में खोलोंग्चू नदी पर 600 मेगावाट की खोलोंग्चू जलविद्युत परियोजना के निर्माण जो 2568.52 मिलियन यूनिट का वार्षिक विद्युत उत्पादन करेगी, के लिए किया गया है।

- **वांग्चू जलविद्युत परियोजना (570 मेगावाट)-** वांग्चू जलविद्युत परियोजना भूटान में वांग्चू नदी पर अवस्थित 570 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाली रन-ऑफ-द-रिवर परियोजना है। परियोजना का कार्यान्वयन एसजेवीएन तथा डरूक ग्रीन पावर कारपोरेशन(डीजीपीसी), भूटान की संयुक्त उपक्रम कंपनी द्वारा किया जाएगा। इसकी उत्पादन क्षमता सालाना 1968.55 मिलियन यूनिट है।

पारेषण परियोजना

- **क्रॉस बार्डर पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड -** क्रॉस बार्डर पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (सीपीटीसी) नेपाल से ट्रांसमिशन लाईन के भारतीय हिस्से के कार्यान्वयन के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ आईएलएंडएफएस एनर्जी डेवल्पमेंट कंपनी लिमिटेड (आईईडीसीएल), पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) तथा नेपाल इलेक्ट्रीसिटी अथॉरिटी (एनईए) का एक संयुक्त उपक्रम है। संयुक्त उपक्रम कंपनी (जेवीसी) में एसजेवीएनएल, पीजीसीआईएल, आईईडीसीएल तथा एनईए का इक्विटी अंशदान क्रमशः 26%, 26%, 38% तथा 10% है। पावर ट्रांसमिशन लाईन को दिनांक 19.02.2016 को 00:00 बजे से वाणिज्यिक घोषित किया गया एवं भारत तथा नेपाल के प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 20.02.2016 को इस लाईन को संयुक्त रूप से राष्ट्र को समर्पित किया गया।

2. प्रतिबद्धताएं

2.1 परिचय

एक संगठन के नागरिक घोषणा-पत्र का मकसद अपनी कारोबारी क्षेत्र में जन सेवाओं की गुणवत्ता को नियमित ढंग से सुधारना होता है। एसजेवीएन का नागरिक घोषणा-पत्र यह दर्शाता है कि हम देश की सकल पर्यावरणीय अनुकूल रूप से विद्युत उत्पादनार्थ अधिकतम योगदान देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसका यह भी लक्ष्य है कि पर्यावरण पर न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव के साथ राष्ट्र की बिजली की जरूरतों की पूर्ति हेतु ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के अधिकतम उपयोग के जरिए विद्युत का उत्पादन करना है। इसके जरिए अपनी नीतियों और प्लानिंग को निवासियों, शेयरधारकों, लाभग्राहियों/विक्रेताओं और कारोबारी भागीदारों की जरूरतें एवं हितों की पूर्ति की दिशा में ढाल ली हैं।

2.2 नागरिक घोषणा-पत्र

- इस परिप्रेक्ष में कि हमारी कंपनी अपने निवासियों का बड़ा ख्याल रखती है। हमारे समाज के विकास और उन्नयन पर ध्यान केन्द्रित करना।
- हमारे निवासियों को पारदर्शी सूचना को यकीनी बनाना जो विषय एवं प्रक्रिया की दृष्टि से नियमित हो।
- पारिस्थितिकीय रूप से अच्छे कारोबारी प्रचालन अपनाकर निवासियों तथा पर्यावरण की सुरक्षा पर कार्य करना।
- उत्पादकता एवं कार्यकुशलता सुधारार्थ नवीनतम एवं मजबूत पर्यावरणीय टेक्नालॉजी अपनाना।
- संगठन के मूल्यों एवं संस्कृति में सीएसआर गतिविधियों को आत्मसात करके निवासियों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में योगदान देना।
- प्रक्रियाओं और प्रविधियों के सतत सुधार और उत्कृष्टतात्मक मुकाम हासिल करने पर जोर।

2.3 मानदंडों के प्रति संकल्पबद्धता

एसजेवीएन का प्रबंधन अपनी सेवाओं और तयशुदा कार्य व्यवहारों के जरिए उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है जिससे बिजली उत्पादन और इसके पावर स्टेशनों के अनुरक्षणार्थ नए मुकाम कायम करने में मदद मिले। एसजेवीएन देश के सबसे बड़े पावर स्टेशन का प्रचालन कर रहा है और इससे उत्पादित बिजली हरियाणा, हिमाचल प्रदेश,जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश,

उत्तराखण्ड, चंडीगढ़, दिल्ली एवं महाराष्ट्र को दी जाती है। मशीनों की समय पर उपलब्धता, तकनीकी उत्कृष्टता से लैस प्रतिभायुक्त कर्मचारियों के पूल तथा बदलते माहौल के साथ ढलने और नई प्रौद्योगिकियां अपनाने से समूची लागत में कमी के साथ बिजली उत्पादन में नए कीर्तिमान बनाने में मदद मिली हैं। इसे प्राप्त करने के लिए एसजेवीएन निम्नलिखित प्रतिबद्धताओं की दिशा में प्रयास करेगाः

- निरंतर प्रशिक्षण, प्रेरित करना तथा विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों के विकास द्वारा गुणवत्ता कार्यबल का निर्माण।
- मशीनरी एवं उपकरणों की इन-बिल्ट रखरखाव द्वारा उत्पादन लागत में कमी।
- पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा समाज के विकास के प्रति प्रतिबद्धता।
- कर्मचारियों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए चिंता।
- सांविधिक/नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप विद्युत उत्पादन।
- स्वच्छ किफायती विद्युत उत्पादन के लिए अपनाई गई सभी गतिविधियों में अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों की स्थापना।
- आंतरिक प्रलेखीकरण तथा प्रक्रियाओं को सरल बनाना।
- नागरिकों/ग्राहकों की शिकायतों का समय पर निपटारा।

2.4 स्टेकहोल्डर और लाभार्थी

स्टेकहोल्डर

हमारे स्टेकहोल्डरों में सरकार (राज्य एवं केन्द्रीय), सोसायटी(शेयरधारक, परियोजना प्रभावित परिवार), वित्तीय संस्थान, ठेकेदार/वेंडर तथा कर्मचारी शामिल है।

लाभार्थी

संगठन के पास कोई प्रत्यक्ष ग्राहक नहीं है तथा उत्पादित विद्युत की आपूर्ति 11 लाभार्थी राज्यों यथा हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, चंडीगढ़, गुजरात, दिल्ली तथा महाराष्ट्र को की जाती है।

3. एसजेवीएन द्वारा स्टेकहोल्डरों को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाएं

3.1 शेयरधारक

- शेयरधारकों के धन में कार्यकुशल, किफायती और उन्नति उन्मुख कारोबारी प्रचालनों के जरिए वृद्धि करना।

- ईसीएस के माध्यम से लाभांश का समय पर क्रेडिट अथवा सांविधिक समय सीमा के अंदर लाभांश वारंट का प्रेषण ।
- न्यूनतम संभव समय अवधि में निवेशकों के प्रश्नों का प्रत्युत्तर ।
- शेयरधारकों पर प्रभाव डालने वाले वित्तीय एवं अन्य मामलों से संबंधित सर्वोत्तम व्यवहार तथा नीतियों को लगातार अपनाना ।

3.2 सरकार

- लाभांश अदायगियों के जरिए आय के स्थायी स्रोत ।
- भारत सरकार की नीति के अनुसार गृह राज्य (यों) को निःशुल्क विद्युत का आबंटन ।
- भारत सरकार के निर्णयानुसार आबंटित शेड्यूल के अनुसार विभिन्न राज्य सरकारों को परियोजनाओं/विद्युत उत्पादन स्टेशनों से विद्युत की आपूर्ति।
- समय-समय पर वन पर्यावरण तथा अन्य मंजूरियों के लिए विभिन्न रिपोर्टों/सूचना को प्रस्तुत करना।

3.3 परियोजना प्रभावित परिवार

- बेघर और भूमिहीन परिवारों को पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अनुदान।
- परियोजना प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा योजना के तहत व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों को प्रायोजित करना।
- परियोजना की स्वीकृत आर.एंड आर. योजना के अनुरूप पात्र परियोजना प्रभावित परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराना।

3.4 समाज

- सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से निरतंर विकास ।
- समग्र लोगों की जीवन गुणवत्ता को बढ़ाना।
- सर्वोत्तम संभव तरीके से हरित तकनीक अपनाकर पर्यावरणीय सततशीलता को बनाए रखना।
- जागरूकता कार्यक्रमों का प्रायोजन/निष्पादन ।

3.5 वेन्डर/ठेकेदार

- ईसीएस मोड के माध्यम से वेन्डरों/ठेकेदारों के भुगतानों का समय पर क्रेडिट ।

- पारदर्शी पूर्व-निर्धारित पात्रता मानदंड के साथ-साथ अवार्ड मानदंड के माध्यम से वेन्डर/ठेकेदार का चयन ।
- एसजेवीएन द्वारा तय एक निश्चित अनुमानित मूल्य से ऊपर की निविदाओं के संबंध में बोलीदाताओं की शिकायतों का निवारण सत्यनिष्ठा अनुबंध में निर्दिष्ट पारदर्शी प्रक्रिया के अनुरूप किया जाता है। सत्यनिष्ठा अनुबंध के कार्यान्वयन की देखरेख के प्रयोजन के लिए सीवीसी द्वारा स्वतंत्र बाहरी निरीक्षक नियुक्त किए जाते हैं।
- पांच लाख रुपए तथा इससे अधिक अनुमानित लागत वाली निविदाओं को ऑनलाईन ई-निविदा के माध्यम से किया जाता है।
- प्रतिस्पर्धा बढ़ने के उद्देश्य के साथ नियमित आधार पर वेन्डर विकास अभ्यास।
- निविदाओं के सुचारू कार्यान्वयन के लिए संविदात्मक निबंधन एवं शर्तों का पूर्ण रूप से एवं समय पर निष्पादन।
- संविदात्मक प्रावधानों के जरिए विवाद निदान तंत्र की व्यवस्था करना ।

4. स्टेकहोल्डरों से अपेक्षाएं

विद्युत उत्पादन में विभिन्न संसाधनों का पूरी क्षमता से निरंतर उपयोग करने के लिए संगठन को इसके विभिन्न हितधारकों से सकारात्मक प्रतिबद्धता और समर्थन की आवश्यकता है।

4.1 समाज

- कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत इसकी गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के विकास के लिए की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों तथा कार्य प्रणाली की प्रशंसा।

4.2 सरकार

- विभिन्न सरकारी संस्थानों से निर्धारित समय अवधि के अंदर पर्यावरण, वन एवं अन्य मंजूरियां ।
- लाभार्थियों से बकाया राशि की समय पर वसूली के लिए सरकार का हस्तक्षेप।
- विद्युत मंत्रालय से विचर-विमर्श, समीक्षा तथा प्रतिक्रिया ।
- सार्वजनिक उद्यम विभाग से दिशा-निर्देश जो विभिन्न नीतियों को अपनाने तथा उनके कार्यान्वयन के लिए आधार प्रदान करते हैं।

- नई परियोजनाएं विकसित करने और नवीकरणीय ऊर्जा के नए क्षेत्रों में विविधीकरणार्थ सतत समर्थन देना ।

4.3 शेयरधारक

- संगठनार्थ उन्नति के लिए निष्पक्ष फैसले ले सकने में मदद के लिए समय पर, स्पष्ट और सही सूचना ।
- वित्तीय मामलों विषयक स्थिर एवं एक समान नीतियां और प्रविधियां अपनाना ।

4.4 विक्रेता/ठेकेदार

- उपस्करों/सामग्री/संकार्यों/सेवाओं की पूर्व निर्धारित मानदंडों के अनुसार तथा निर्दिष्ट निबंधन एवं शर्तों के मुताबिक समय पर डिलीवरी ।
- सुरक्षा मानदंडों का पालन ।
- कर्मचारी अनुकूल कामकाजी माहौल बनाना जिससे कर्मचारियों के मध्य जानकारी और कौशल को सांझा करने को बढ़ावा मिले।
- जमा निविदाओं में सही एवं सच्ची जानकारी देना तथा संविदागत शर्तों का कड़ाई से पालन।
- अपना कामकाज कानून के दायरे में रहकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करना ।

4.5 जेवी भागीदार

- समझौता ज्ञापन या संविदा/करारों की यथा प्रयोज्य निबंधन एवं शर्तों का कड़ाई से पालन।
- गुणवत्ता युक्त उत्पादों, सेवाओं को प्राप्त करके तथा प्रतिभायुक्त कर्मचारियों का पूल बनाकर कारोबारी प्रविधियों को एक साथ सुधारना एवं सुदृढ़ करना ।
- ऐसे लक्ष्य एवं उद्देश्य तय करना जो न केवल व्यवहारिक एवं प्राप्ति योग्य हों बल्कि कर्मचारियों का भी उत्साहवर्धन करें।
- उपलब्ध मजबूतियों के इस्तेमाल के लिए भागीदारों को पहला विकल्प देना ।

5. मानव संसाधन विकास

एक संगठन में मानव संसाधन सर्वाधिक मूल्यवान होते हैं । आजकल की अर्थव्यवस्था "ज्ञानपरक अर्थव्यवस्था" है और इस प्रकार प्रतिभा भारतीय कार्यतंत्र की धुरी है । इस परिप्रेक्ष में सांगठनिक

सततशीलता एवं कामयाबी का रास्ता प्रतिभागिता प्रबंधन एवं प्रतिधारणता से होकर गुजरता है । लगभग 1661 प्रतिभाओं द्वारा संचालित, हमें अपने मानव संसाधनों की क्षमताओं पर अपार विश्वास है तथा हर संभव तरीके से उनकी क्षमता के उपयोग पर विश्वास करते हैं।

एसजेवीएन अपने लोगों के प्रबंधन एवं विकास को काफी महत्व देता है। यह बात पक्की है कि संगठन में व्यक्ति प्रमुख संसाधन होते हैं जिन्हें मात्र लागत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। एसजेवीएन में एक रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली अमल में है जो व्यक्ति को ऐसा जरूरी संसाधन मानती है जिसे निगम के विजन, मिशन और उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित, विकसित, सक्षम और सम्मानित किया जाए। एसजेवीएन सयाने होते कर्मचारियों और कार्य स्थान पर छा जाने वाले युवा कर्मचारियों की आंकाक्षाओं की पूर्ति के लिए आजकल बहुआयामी रणनीति अपना रहा है तथा इसमें "युवा वर्ग " का अत्यधिक सहयोग है। प्रबंधन का मुख्य ध्यान नेतृत्व विकास, दक्षता निर्माण, बहु-कार्यात्मकता और कौशल उन्नयन पर है।

कारपोरेट योजना के अनुसार एसजेवीएन की तरक्की के लिए संभावित रूप से आने वाले अवसरों के अनुरूप कर्मचारियों को अपने कैरियर को बढ़ाने की हसरतों के लिए तैयार करने हेतु नवीनतम प्रबंधन तकनीकों, जानकारी और विशेषज्ञता की उपलब्धतार्थ एसजेवीएन इंजीनियरिंग और प्रबंधन के नए से नए क्षेत्रों में कर्मचारियों को पेशेवराना एवं जरूरत के अनुसार पर्याप्त प्रशिक्षण दिलाने पर केन्द्रित रहता है।

निष्पादन चालित संस्कृति का निर्माण करने के लिए हमारी कोशिशों का सबूत कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के लिए शुरू की गई "सुदृढ़ निष्पादन प्रबंधन प्रणाली" है, जो अंतर्निहित रूप से आकलन का एक साधन भी है । इस तरह मूल्यांकित निष्पादन हेतु कर्मचारियों को परिवर्तनीय वेतन विधिवत अदा किया जाता है । योग्यता अंतराल की पहचान तथा उसके अनुसार वि□कास योजनाओं को बनाने के लिए बहु-अंकन फीडबैक या 360 डिग्री फीडबैक पद्धति भी लागू की गई है।

पुरस्कार एवं मान्यता को आज विश्व भर में निष्पादन आधारित संस्कृति को सुदृढ़ करने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में मान्यता मिली है। कर्मचारियों के अच्छे निष्पादन को सम्मानित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी अवार्ड, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अवार्ड, सर्वश्रेष्ठ सुझाव पुरस्कार तथा श्रम अवार्ड प्राप्तकर्त्ताओं को विशेष सम्मान/प्रोत्साहन आदि पुरस्कारों को आरंभ किया गया है।

एसजेवीएन कर्मचारी कल्याण संबंधी पहल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों संबंधी संयुक्त कल्याण पर केन्द्रित है, जैसे भवन निर्माण, बाल उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल बीमा तथा नियमित स्वास्थ्य जांच आदि। हम अपनी मूल्यवान "मानव पूंजी" की देखभाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं न केवल जब वह सेवारत हैं अपितु सेवा से अलग होने के बाद भी तथा इसके लिए अनेक महत्वाकांक्षी नीतियां जैसे मृतक कर्मचारी के परिवार का पुनर्वास तथा परोपकार कोष योजना, चिकित्सा लाभ तथा पेंशन आदि नीतियां आरंभ की हैं।

6. गुणवत्ता नीति

एसजेवीएन ने गुणत्ता नीति निम्नवत लागू की है:

एसजेवीएन लिमिटेड गुणवत्ता के लिए निरंतर प्रयत्नशील बने रहने तथा अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एवं उत्कृष्ट अभियांत्रिकी के प्रयोग के माध्यम से ग्राहक को संतुष्ट करने तथा विश्वसनीय एवं प्रदूषण रहित विद्युत उत्पादन हेतु गुणवत्ता प्रबंधन में उत्तरोत्तर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

6.1 गुणवत्ता के उद्देश्य

- विद्युत उत्पादन की अत्याधुनिक तकनीक से संगठन को अवगत कराते रहना, ताकि चरणबद्ध ढंग से इस तकनीक को अपनाया जा सके।
- विद्युत परियोजनाओं की अभिकल्पना संबंधी कार्यों तथा उपकरणों की खरीद की गुणवत्ता पर नियंत्रण रखना एवं इसकी मॉनिटरिंग करना।
- विद्युत की गुणवत्ता में निरंतर सधार करना तथा उसकी मॉनिटरिंग करना ताकि इसे और अधिक विश्वसनीय बनाया जा सके।
- विद्युत उत्पादन से संबंधित सभी सरकारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना तथा पर्यावरण एवं सामाजिक दायित्वों को पूरा करने वाले संगठन की भूमिका निभाना।

7. कारपोरेट सामाजिक दायित्व(सीएसआर) एवं पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन

वि□द्युत परियोजनाएं दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित है, जहां पर मूलभूत सुवि□धाओं की कमी होती है तथा आबादी सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ी होती है। एक उत्तरदायी कंपनी के नाते एसजेवीएन ऐसे क्षेत्रों के वासी लोगों के जीवन में समग्र रूप से सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रयासरत है। इसके अतिरिक्त इसकी कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिवि□धियों में वृहतर समाज के प्रासंगिक मुद्दे तथा स्थायी प्रभाव डाल सकने वाली गतिवि□धियां भी शामिल होगी। एसजेवीएन की कोशिश रहती है कि वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादनार्थ ऐसी टेक्नॉलाजियों, प्रक्रियाओं और मानदंडों का उपयोग किया जाए जो सामाजिक एवं पर्यावरणीय सततशीलता में योगदान दें।

समाज के प्रति एसजेवीएन की संकल्पबद्धता इसकी कारपोरेट सामाजिक दायित्व नीति में इस प्रकार आबद्ध है जो कहती है कि "एसजेवीएन अपने हितधारकों के हितों के प्रति समर्पित है तथा अपनी कारोबारी गतिवि□धियों में कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) और सततशीलता के अच्छे मानदंडों को बनाए रखने की पूरी कोशिशें करता है। एसजेवीएन स्थानीय समुदायों और समाजों के नियम कानूनों का पालन करेगा तथा अपने कारपोरेट सामाजिक दायित्व एवं सततशीलता कार्यक्रमों के

जरिए जीवन एवं पर्यावरणीय सततशीलता की गुणवत्ता के उन्नयनार्थ पूरी कोशिशें करेगा ।" कारपोरेट सामाजिक दायित्व एवं सततशीलता नीति के तहत सामुदायिक वि□कास गतिवि□धियां सर्वेक्षण एवं अन्वेषण, निर्माण तथा प्रचालन के सभी तीनों चरणों के दौरान की जाती है ।

एसजेवीएन ने जिन छः क्षेत्रों में सीएसआर परियोजनाएं शुरू की हैं वे हैं :शिक्षा एवं दक्षता विकास, ढांचागत एवं सामुदायिक विकास, सेहत एवं सफाई, संस्कृति/मेलों, खेलों को बढ़ावा एवं संरक्षण, सततशील विकास तथा कुदरती विपदाओं के दौरान मदद। एसजेवीएन में मुख्यतः नीतियां एवं कार्यक्रम निम्नवत हैं :

- डीपीई मार्ग-निर्देश 2010 के अनुरूप 2011 में सीएसआर नीति ।
- कंपनी अधिनियम,2013 के अनुरूप सीएसआर एवं सततशीलता नीति।
- हितधारकार्थ स्थानीय समुदायों पर विशेष बल के साथ संचार एवं सूचना प्रबंधन योजना ।
- एसजेवीएन सिल्वर जुबली मेधावी छात्रवृत्ति स्कीम ।
- महिला एवं बाल विकास स्कीम ।
- सतलुज संजीवनी सेवा-परियोजना क्षेत्रों में 12 मोबाईल चिकित्सा वैनों के जरिए मुफ्त डाक्टरी सलाह एवं दवाईयां ।
- परियोजना क्षेत्रों में सामान्य एवं विशेषीकृत सेहत शिविर ।
- विशेषीकृत एजेंसियों के जरिए दक्षता विकास कार्यक्रम ।
- ढांचागत सुविधाएं बढ़ाकर परियोजना क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार ।
- विकलांग व्यक्तियों के लिए विशेष शिक्षा का विकास, भिन्नता, सक्षम बच्चों को व्यावसायिक दक्षता, मांसपेशीय दुर्विकार से पीड़ितों के लिए नवीनत्तम तकनीक के साथ विकास ।
- सफाई सुविधाएं – भारत सरकार के उत्कृष्ट "स्वच्छ विद्यालय अभियान" के तहत सरकारी स्कूलों में छात्रों एवं छात्राओं के लिए "स्वच्छ भारत अभियान" के समर्थनार्थ अलग शौचालयों का निर्माण।
- अवशिष्ट उपचार स्कीम, जल स्रोतों के पुनरूद्धार, डंपिंग साईटों पर मृदा अपरदन नियंत्रण आवरण।
- राहत कार्यों में निधिगत योगदान ।

कंपनी के पास इसकी सीएसआर पहलों के मार्गदर्शन तथा निगरानी एवं नीति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निदेशक मंडल की एक अलग उप-समिति, कारपोरेट सामाजिक दायित्व एवं सततशील विकास समिति है। सीएसआर पहलों को एसजेवीएन फाऊंडेशन के माध्यम से किया जाता है।

परियोजना चरण के दौरान, सामुदायिक विकास पहलों को पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर.एंड आर.) कार्यक्रमों के रूप में (सीएसआर एवं एसडी कार्यों के साथ-साथ) परियोजना प्रभावित लोगों की समग्र आर्थिक स्थिति में सुधार के उद्देश्य के साथ किया जाता है। प्रत्येक आर.एंड आर. कार्यक्रम विशिष्ट स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित तथा व्यापक सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों द्वारा निर्देशित होता है। कंपनी की परियोजना को लगाने/बढ़ाने के लिए जब भूमि का अधिग्रहण किया जाता है तो विस्थापित परिवारों के पुनर्स्थापन के लिए एक अलग आर.एंड आर. योजना को कार्यान्वित किया जाता है। विस्थापित परिवारों को आर.एंड आर. योजना के तहत उल्लिखित सभी आर.एंड आर. लाभों जैसे पुनर्स्थापन अनुदान, निर्मित मकान/मकान के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता, रोजगार आदि को उपलब्ध कराया जाता है।

8. शिकायत निवारण क्रियाविधि

एसजेवीएन उचित रूप से बनाई गई शिकायत निवारण क्रियाविधि जो तय समय सीमा के अंदर शिकायतों के शीघ्र निवारण को सुनिश्चित करता है के माध्यम से इसके कर्मचारियों की फरियादों तथा शिकायतों के निवारण का प्रयत्न करता है।

हम पूरा प्रयत्न करते हैं किः

- अपनी शिकायत निवारण क्रियाविधि को खुला एवं संवादात्मक रखें।
- शिकायत/फरियादों की अभिस्वीकृति तथा उल्लिखित समय सीमा के अंदर निवारण के लिए प्रयत्न करना ।

कर्मचारी की वैयक्तिक शिकायतों का निपटारा तीन चरणीय प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता हैः

चरण-1

असंतुष्ट कर्मचारी को अपनी शिकायत मौखिम रूप से अपने तात्कालिक उच्चाधिकारी को करनी है, जो अपने स्तर पर शिकायत का निपटारा 7 दिनों की अवधि के अंदर करने का प्रयत्न करेगा। कर्मचारी द्वारा उत्ततर से संतुष्ट न होने के मामले में अपनी शिकायत को लिखित रूप में 15 दिनों की अवधि के अंदर विभागाध्यक्ष अथवा

कार्मिक विभागाध्यक्ष को प्रस्तुत कर सकता है, जो 7 दिनों की अवधि के अंदर अपनी टिप्पणियां दर्ज करेगा जिसकी सूचना असंतुष्ट कर्मचारी को दी जाएगी।

चरण- II

विभागाध्यक्ष/कार्मिक विभागाध्यक्ष द्वारा कोई संतोषजनक निर्णय नहीं कर पाने के मामले में अथवा कर्मचारी चरण-I में उसे सूचित किए गए निर्णय से संतुष्ट नहीं है अथवा कर्मचारी को तय समयावधि के अंदर उत्तर नहीं मिलता है तो वह अपनी शिकायत 15 दिन के अंदर शिकायत निपटारा समिति को प्रस्तुत कर सकता है।

समिति अपना उत्तर शिकायत मिलने की तिथि से 30 दिनों के अंदर दे देगी, हालांकि यदि आवश्यक हो तो समिति निदेशक (कार्मिक) द्वारा अंतिम निर्णय देने की सिफारिश कर सकती है जो समिति से शिकायत प्राप्त होने की तारीख से 30 दिनों के अंदर अपना निर्णय दे देगा तथा निदेशक (कार्मिक) का निर्णय नीचे दिए प्रावधानों के अध्यधीन अंतिम होगा।

चरण-III

अपवादात्मक मामलों में और संबंधित निदेशक की सहमति से असंतुष्ट कर्मचारी, जो शिकायत निपटारा समिति/निदेशक (कार्मिक) के निर्णय से संतुष्ट नहीं है, को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पास अपील करने का विकल्प होगा। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक निर्णय लेगा और उसे अपील मिलने के 30 दिन के अंदर सूचित करेगा और उसका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

शिकायतों के निष्पक्ष और समयबद्ध निवारण के लिए कारपोरेट स्तर पर कारपोरेट औद्योगिक संबंध एवं कल्याण तथा परियोजना स्तर पर संबंधित मानव संसाधन विभाग शिकायतों की कार्यावधि के लिए अभिनामित विभाग है।

परियोजना स्थल के साथ ही साथ कारपोरेट कार्यालय में शिकायत निपटारा समिति का निम्नवत रूप् से गठन किया गया है:

परियोजना स्थल पर:

- परियोजना प्रमुख/महाप्रबंधक
- असंतुष्ट कर्मचारी का संबंधित विभागाध्यक्ष
- वित्त विभागाध्यक्ष
- कार्मिक विभागाध्यक्ष (सदस्य सचिव)

कारपोरेट कार्यालय परः

- असंतुष्ट कर्मचारी का संबंधित विभागाध्यक्ष
- वित्त विभागाध्यक्ष/सीएफएम
- कार्मिक विभागाध्यक्ष/सीएफएम (सदस्य सचिव)

9. जन शिकायत निवारण तंत्र

एसजेवीएन में एक प्रभावी तंत्र विद्यमान है, जिसके जरिए जनता की अपनी शिकायतों के निवारणार्थ मुनासिब अधिकारियों तक पहुंच है।

जन शिकायत निवारणार्थ एसजेवीएन में केन्द्रीकृत जन शिकायत निवारण एवं अनुवीक्षण तंत्र (सीपीजीआरएएमएस) प्रभावी ढंग से विकसित एवं अनुवीक्षित किया गया है। जनता को अपनी चिन्ताएं/शिकायतें आगे आकर रखने को सक्षम बनाने के लिए एसजेवीएन परियोजनाओं में जन सूचना प्रकोष्ठ बनाए गए हैं।

एसजेवीएन ने जन शिकायतधिकारी नियुक्त किए हैं, जो प्रथम चरण में जन शिकायतों की जांच करते हैं और शिकायतों को आनलाईन हल करते हैं। जन शिकायत अधिकारी द्वारा शिकायतें अनसुलझी रहने के मामले में शिकायत अभिनामित निदेशक (जन शिकायत) के पास भेजी जाती है। निदेशक (जन शिकायत) और जन अधिकारी के विवरण निम्नवत हैं :

निदेशक (जन शिकायत)

श्री ए.के.मुखर्जी,
मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन)
शक्ति सदन, एसजेवीएन कारपोरेट कार्यालय परिसर,
शनान, शिमला (हि.प्र.)
दूरभाषः2660270

जन शिकायत अधिकारी

श्री डी.सर्वेश्वर,
अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन)
शक्ति सदन, एसजेवीएन कारपोरेट कार्यालय परिसर,
शनान, शिमला (हि.प्र.)
दूरभाषः2660279

10. विसॅल ब्लोअर नीति

एसजेवीएन व्यावसायिकता, ईमानदारी, खुलेपन एवं नैतिक आचरण की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रति समर्पित है। कंपनी ने ट्रांसपैरेन्सी इंटरनेशनल इंडिया के साथ "निष्ठा करार" पर हस्ताक्षर करके इस दिशा में कदम बढ़ाया है। पारदर्शिता एवं नैतिक आचरण के प्रति हमारे समर्पण को और दृढ़ता एवं मजबूती प्रदान करने के लिए एक अन्य कदम के रूप में एसजेवीएन विसल ब्लोअर नीति के जरिए नैतिक आचरण की कमान प्रत्येक कर्मचारी के हाथों में सौंप रहा है। यह नीति निगम के मुख्यतः जनता के हित में कर्मचारियों को वैध प्रहरी बनने हेतु शक्ति प्रदान करती है।

रक्षित खुलासे/शिकायत को विसॅल ब्लोअर/शिकायतकर्त्ता की पहचान यानि उसके नाम, कर्मचारी संख्या, पदनाम तथा पते युक्त पत्र के साथ संलग्न करके लिफाफे के अंदर डालें, जो बंद/सुरक्षित/सीलबंद हो।

इस तरह सुरक्षित/सीलबंद लिफाफे को सक्षम प्राधिकारी के पते पर भेजा जाए तथा उसके ऊपर "अभिरक्षित खुलासा " सुपरस्क्राइव हो ।रक्षित खुलासे को संबोधित करने और भेजने के लिए सक्षम प्राधिकारी से संपर्क हेतु विस्तृत विवरण इस प्रकार से हैः-

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
सक्षम प्राधिकारी
व्हीस्टल ब्लोअर मैकेनिज्म
शक्ति सदन,
एसजेवीएन कारपोरेट कार्यालय परिसर,
शनान, शिमला (हिमाचल प्रदेश), पिन-171006

11. सूचना का अधिकार

सूचना का अधिकार अधिनियम 2015 में अनिवार्य है कि सरकारी सूचना हासिल करने संबंधी नागरिकों के अनुरोध का समय पर जबाब दिया जाए। कार्मिक मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण, जन शिकायत और पेंशन विभाग ने यह एक ऐसी पहल की है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के तहत विभिन्न प्राधिकारियों के द्वारा आरटीआई संबंधी वेब पर प्रकाशित सूचना/प्रकटीकरण के अलावा अन्य मामलों में

प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों, पीआईओ इत्यादि के विवरणों संबंधी सूचना जल्दी से ढूंढ सकने के लिए नागरिकों को एक आरटीआई पोर्टल गेटवे उपलब्ध कराया जाता है।

एसजेवीएन ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अनुसार इसके नागरिकों को पारदर्शी और समय पर सूचना उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए हैं तथा इसके लिए परियोजनाओं में जन सूचना केन्द्रों को स्थापित किया गया है जहां पर सभी दस्तावेज जैसे सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्टें, आर.एंड आर. योजनाएं/परियोजना के लिए विशिष्ट आरईएपी,नीति तथा अन्य संबंधित दस्तावेज जनता को देखने के लिए उपलब्ध है।

आरटीआई अधिनियम -2005 के तहत एसजेवीएन की विभिन्न परियोजनाओं/कार्यालयों पर जन सूचना अधिकारी/सहा.जन सूचना अधिकारी (पीआईओ/एपीआईओ)

नाम	**पता**
श्री डी.सर्वेश्वर	एसजेवीएन कारपोरेट कार्यालय परिसर, शनान, शिमला (हि. प्र.)-171006
श्री शैलेन्द्र सिंह	नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन, पी.ओ.-झाकड़ी, जिला-शिमला (हि.प्र.)-172201
श्री शैलेन्द्र सिंह	रामपुर जलविद्युत स्टेशन, बायल, पी.ओ. कोयल, तह.-निरमंडल, जिला-कुल्लू (हि.प्र.)-172023
श्री पी.एस.नेगी	लूहरी जलविद्युत परियोजना, पी.ओ.-बिथल, जिला-शिमला (हि.प्र.)-172029
श्री सुशील महाजन	देवसारी जलविद्युत परियोजना,थराली, जिला-चमोली (उत्तराखण्ड)
श्री एच.एस.छोकर	एनएम एंड जेएस एचईपी, मोरी, उत्तरकाशी जिला (उत्तराखण्ड)-249128
श्री ओ.पी.गुप्ता	धौलासिद्ध एचईपी, हाऊस नं.113, वार्ड नं.1, कृष्णा नगर, हमीरपुर (हि. प्र.)-177001
विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन	एसटीपीएल, राधा नगर, सैनिक कॉलोनी,बक्सर, बिहार
विभागाध्यक्ष,एपीएचईपी	एपीएचईपी, द माई हाऊस, ए सेक्टर, मॉडल गांव, नाहरलागुन (अरुणाचल प्रदेश)-791110

श्री ए.के.जिन्दल	केडब्ल्यूपीपी, प्लॉट नं.51, शिवाजी नगर, सिन्नार, जिला-नासिक, महाराष्ट्र-422103
श्री मनीष शर्मा(एपीआईओ)	शक्ति सदन, एसजेवीएन कारपोरेट कार्यालय परिसर, शनान, शिमला (हि.प्र.)-171006

12. सत्यनिष्ठा अनुबंध

सार्वजनिक संविदाओं में भ्रष्टाचार को रोकने तथा निम्नलिखित लाभों के परिणामस्वरूप एसजेवीएन में सीवीसी तथा ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के साथ सत्यनिष्ठा अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया है:

- अधिक से अधिक पारदर्शिता तथा क्रेता और विक्रेता के मध्य सत्यनिष्ठा।
- संगठन और बोलीदाताओं में नैतिकता की समझ में सुधार।
- बोलीदाताओं द्वारा शिकायतों में कमी।
- निविदा और प्रापण के लिए त्वरित प्रक्रिया।
- बाहरी हस्तक्षेप में कमी जैसे राजनीतिक,कूटनीतिक और प्रशासनिक हस्तक्षेप।

13. सिटीजन चार्टर की समीक्षा

चार्टर की क्षमता और प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों से प्राप्त प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए संशोधन की आवश्यकता पर वार्षिक समीक्षा की जाएगी। सांविधिक या नियामक की स्थिति में किसी संशोधन/आशोधन को तब शामिल किया जाएगा जब चार्टर में संशोधन होगा।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और फंक्शनल निदेशकों के नाम एवं संपर्क विवरण

नाम	पदनाम	संपर्क नं.
श्री आर.एन.मिश्र	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	0177-2660010
श्री ए.एस.बिन्द्रा	निदेशक(वित्त)	0177-2660032
श्री एन.एल.शर्मा	निदेशक (कार्मिक)	0177-2660040
श्री आर.के.बंसल	निदेशक(विद्युत)	0177-2660050
श्री कंवर सिंह	निदेशक(सिविल)	0177-2660020
श्री श्याम सिंह नेगी	मुख्य सतर्कता अधिकारी	0177-2660060

कारपोरेट, क्षेत्रीय एवं परियोजना कार्यालयों का संपर्क विवरण

कार्यालय का स्थान	पता
पंजीकृत एवं कारपोरेट कार्यालय,शिमला	शक्ति सदन, एसेवीएन कारपोरेट कार्यालय परिसर, शनान, शिमला (हि.प्र.) पिन-171006 फैक्सः0177-2660001
संपर्क/समन्वय कार्यालय,दिल्ली	एसेवीएन, इरकॉन बिल्डिंग, भूतल, साकेत, नई दिल्ली पिन-110017 दूरभाषः011-41659210/17 फैक्सः 011-41659204/14
नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन	डाकघर झाकड़ी, जिला-शिमला (हि.प्र.) पिन-172201 दूरभाषः01782-275052-54,275452-55 फैक्सः01782-275211
रामपुर जलविद्युत स्टेशन	बायल, डाकघर-कोयल,तह.-निरमंडल, जिला-कुल्लू (हि.प्र.) पिन-172023 दूरभाषः01904-265250 फैक्सः01904-265203
लूहरी जलविद्युत स्टेशन	बिथल कार्यालय-बिथल, कुमारसैन जिला-शिमला पिन-172029 दूरभाषः01782-222223 फैक्सः01782-222616

देहरादून	209, वसंत वि□हार, फेस-1, देहरादून,उत्तरांचल दूरभाषः0135-5532138 फैक्सः2762771
धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना	113, वार्ड नं.1, कृष्णा नगर, हमीरपुर-177001 दूरभाषः01972-223237 फैक्सः01972- 223235
दोईमुख जलविद्युत परियोजना	एमएआई हाऊस, सेक्टर-ए, मॉडल गांव, नाहरलागुन जिला-पापुम्पारे, अरुणाचल प्रदेश दूरभाषः0360-2350089/2350181 फैक्सः0360-2350091
बक्सर ताप विद्युत परियोजना	69/5 टी.एन.बनर्जी रोड, छाजुबाग, पटना-800001 **परियोजना कार्यालय-** राधा नगर, सैनिक कॉलोनी, चरित्रवान, बक्सर-802101, दूरभाषः06183-222275 फैक्सः222282
ट्रांसमिशन लाईन कार्यालय	हाजीपुर रोड, भीखनपुरा, रामदयालु, मुज्जफरपुर-842001, बिहार फैक्सः0621-2276109
खिरवीरे पवन विद्युत परियोजना	प्लॉट नं.51, शिवाजी नगर, सिन्नार, जिला-नासिक, महाराष्ट्र-422103 दूरभाषः011-41018825 फैक्सः02551-223636
एसजेवीएन अरुण-3 पावर डेवल्पमेंट कंपनी प्रा.लि.	कोशी हाईवे, खांडबारी, जिला-संखुवासभा, नेपाल दूरभाषः977-29560755 फैक्सः977-29560712 **अरुण-3 ट्रांसमिशन लाईन-** महाबीर चौक,जनकपुर, नेपाल
वांग्चू जलविद्युत परियोजना	228 बी, पेलखिल लाम, फुएन्टशोलिंग, भूटान दूरभाषः00975-5251539 फैक्सः00975-5251540
खोलोंग्चू हाईड्रो एनर्जी लिमिटेड	जोंगपोजोरे,

	जिला-ट्राशितांगस्टी, भूटान दूरभाषः975-16490712 फैक्सः975-4790705

CITIZEN'S CHARTER

SJVN LTD.

(A joint venture of Govt. of India & Govt. of HP)

Shakti Sadan, SJVN Corporate Office Complex,

Shanan, Shimla (HP),

PIN-171006

CITIZEN CHARTER

1. GENERAL INFORMATION

1.1 SJVN's Profile

SJVN Limited, a Mini Ratna, category-1 & Schedule 'A' CPSE under the Ministry of Power, Govt. of India, is a joint venture of Govt. of India & Govt. of Himachal Pradesh. Since its incorporation in the year 1988, the Company has been emerging as a major power player with its presence not only in different parts of the country but also in neighboring countries. The present paid up capital and authorized share capital of SJVN is Rs.4,136.63 Crore and Rs.7,000 Crore respectively. The present Net Worth is Rs.11483.83 Crore. SJVN is a listed Company having shareholders pattern of 64.46% with Govt. of India, 25.51% with Govt. of Himachal Pradesh and rest 10.03% with Public.

Today, SJVN has four power projects under successful operation which include country's largest 1500 MW Nathpa Jhakri Hydropower Station (NJHPS), 412 MW Rampur Hydropower Station ,47.6 MW Khirwire Wind Power Project & 5MW Charanka Solar Power Project and is setting new benchmarks in generation and maintenance year after year.

SJVN has expanded its horizons and has drawn up ambitious plans to develop into a fully-diversified trans-national power sector company having presence in various conventional and non-conventional forms of energy which includes Hydroelectric Projects in Himachal Pradesh, Uttrakhand, Aurnachal Pradesh and in the neighboring countries of Nepal and Bhutan, Thermal Power Project in Bihar, Power Transmission Project in Nepal, Wind Power projects in Maharashtra & Gujarat and Solar Power Projects in Gujarat & Rajasthan.

The organization has always understood its social responsibility towards welfare & development of community which is clearly reflected through various activities like infrastructure development, health camps, skill development training for youth, financial assistance to economically weaker students etc. which the organization has been involved into since its incorporation. In response to commitment & concern for sustainable development, SJVN has always been active in taking

measures towards compensatory afforestation, muck disposal, fisheries sustenance, green belt development etc.

